कठुआ : जिले में कैंसर जागरूकता और शुरुआती जांच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुप्ता हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, कठुआ में प्रो. के.बी. अबरोल मेमोरियल कैंसर आउटरीच कैंप आयोजित किया गया। यह कैंप अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट (एएसकॉम्स) जम्मू के सहयोग से लगाया गया। कैंप का उद्घाटन डिप्टी कमिश्नर कठुआ राजेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर सीएमओ कठुआ डॉ. विजय रैना, गुप्ता हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं वरिष्ठ सर्जन डॉ. ए.के. गुप्ता सहित कई वरिष्ठ डॉक्टर और सामाजिक प्रतिनिधि मौजूद रहे। यह कैंप "लाजवंती भगत नाथ रेडिएशंस ऑफ होप" कैंसर केयर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करना, समय पर जांच के लिए प्रेरित करना और बेहतर उपचार सुविधाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना रहा। एसएमवीडीयू के विद्यार्थियों ने स्वयंसेवक के रूप में सेवाएं देकर कैंप के संचालन में सहयोग किया। कैंप में वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉ. अमित सूरी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अविनाश राजरा, ब्रेस्ट ऑनकोप्लास्टिक सर्जन डॉ. सुरभि कुदयार और क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. दीपक अबरोल ने मरीजों को परामर्श और सेवाएं प्रदान कीं।

इस दौरान एलबीएनआरओएच के सचिव शशि खजूरिया, एओआई जम्मू के प्रतिनिधि विगत चंदन और आशुतोष गुप्ता भी मौजूद रहे।

डिप्टी कमिश्नर राजेश शर्मा ने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता अभियान जिले के दूरदराज क्षेत्रों तक भी पहुंचाए जाने चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग कैंसर की समय पर जांच और उपचार का लाभ उठा सकें।

कैंप में लोगों को मुफ्त परामर्श, मुफ्त जांच, ट्यूमर मार्कर स्क्रीनिंग और अन्य आधुनिक जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। साथ ही कैंसर जागरूकता संबंधी साहित्य भी वितरित किया गया।

साप्ताहिक राशिफल

मेष

मेष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह कभी खुशी कभी गम लिए रहने वाला है। इस सप्ताह आपक. ो निजी जीवन से लेकर करियर–कारोबार तक में उतार–चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं। हालांकि सप्ताह की शुरुआत सामान्य रहने वाली है। इस दौरान व्यक्तिगत और पेशेवेर रूप से खुद को मजबूत पाएंगे। कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बनी रहेगी। युवाओं का अधिकांश समय मौज–मस्ती करते हुए बीतेगा। घर–परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होंगे। सप्ताह के मध्य में आपको करियर–कारोबार में कुछ अप्रत्याशित बदलाव को झेलना पड़ सकता है।

इस दौरान नौकरीपेशा लोगों के सिर पर अचानक से अतिरिक्त जिम्मेदारी का बोझ आ सकता है। जिसे पूरा करने के लिए आपको अधिक समय और ऊर्जा खर्च करने की आवश्यकता रहेगी।

वृषभ

वृष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मध्यम फलदायी है। वृष राशि के जो जातक किसी कार्य विशेष के लिए बीते कुछ समय से लगातार प्रयासरत हैं, उन्हें इस सप्ताह भी उससे जुड़ी सफलता के लिए इंतजार करना पड़ सकता है। सप्ताह के उत्तरार्ध के मुकाबले उनका पूर्वार्ध थोड़ा राहत भरा रहने वाला है।

ऐसे में इस राशि के जातकों को अपने करियर–कारोबार और जीवन से जुड़े अहम कार्यों को इसी दौरान करने का प्रयास करना चाहिए। सप्ताह के मध्य में किसी व्यक्ति विशेष से मेल–मुलाकात होगी। जिसकी मदद से अटके कार्यों में धीमी गति से ही लेकिन प्रगति होती नजर आएगी। सप्ताह के उत्तरार्ध में न सिर्फ कार्यक्षेत्र से जुड़ी बल्कि घर–परिवार से संबंधित समस्याएं भी आपकी परेशानी का कारण बन सकती हैं। इस दौरान पैतृक संपत्ति अथवा किसी जमीन–जायदाद को लेकर विवाद हो सकता है। अचानक से जीवन में तमाम तरह की समस्याएं सामने आने से आपका मन थोड़ा विचलित रह सकता है। हालांकि सुखद पहलू यह है कि इस दौरान आपके संगी–साथी आपकी ढाल बनेंगे और आपके साथ साए की तरह बने रहेंगे।

मिथुन

मिथुन राशि के जातकों को इस सप्ताह सौभाग्य का पूरा साथ मिलेगा। यदि आप किसी कार्य विशेष के लिए लंबे समय से प्रयासरत थे तो उम्मीद का दामन बिल्कुल न छोड़ें क्योंकि इस सप्ताह उसमें आ रही बाधाएं स्वतरू दूर होती हुई नजर आएंगी। सप्ताह के पूर्वार्ध का समय नौकरीपेशा लोगों के लिए अनुकूल रहने वाला है।

इस दौरान आपके शुभचिंतक आपको नेक सलाह देते हुए नजर आएंगे, जिस पर अमल करके आप अपनी चीजों को सुव्यवस्थित कर सकते हैं। सप्ताह के मध्य में किसी तीर्थ स्थान पर जाने का अचानक प्रोग्राम बन सकता है। इस पूरे सप्ताह घरेलू महिलाओं का मन धार्मिक–कार्यों में खूब रमेगा। किसी धार्मिक–आध्यात्मिक व्यक्ति की विशेष कृपा आप पर बरस सकती है। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हुए हैं तो आपके लिए सप्ताह के पूर्वार्ध के मुक. ाबले उत्तरार्ध ज्यादा शुभ रहने वाला है। इस दौरान आप आप समझदारी के साथ अपने पैसे का सही जगह निवेश करते हैं तो आपको उससे भविष्य में बड़ा लाभ मिल सकता है। उच्च शिक्षा के लिए प्रयासरत लोगों के लिए यह सप्ताह गुडलक लेकर आएगा।

कर्क

कर्क राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिश्रित फलदायक रहने वाला है। इस सप्ताह इस राशि के जातक. ों को किसी भी फैसले को लेते समय जल्दबाजी करने से बचना चाहिए। रिश्ते–नाते में मिठास बनी रहे और किसी प्रकार की गलतफहमी न पैदा हो इसके लिए स्वजनों के साथ संवाद बनाए रखें।

सप्ताह की शुरुआत में आपको करियर–कारोबार के सिलसिले में बड़े फैसले लेने पड़ सकते हैं। ऐसा करते समय अपने शुभचिंतकों की सलाह अवश्य लें। यदि आप नौकरीपेशा व्यक्ति हैं तो अपने कार्यक्षेत्र में सीनियर और जूनियर को मिलाकर चलें। यदि कार्यक्षेत्र पर हालात आपके अनुकूल नहीं हैं तो आप उससे बजाय भागने के उसे बेहतर बनाने का प्रयास करें। भूलकर भी आवेश में आकर नौकरी में बदलाव जैसा फैसला लेने से बचें। सप्ताह के मध्य में घरेलू समस्याओं के चलते आपका मन थोड़ा खिन्न रहेगा। इस दौरान आपको आपके विरोधी आप पर हावी होने तथा आपके बनते काम बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं।

सिंह

सिंह राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मध्यम फलदायी रहने वाला है। इस सप्ताह इस राशि के जातक. ों को अपनी ऊर्जा, धन और समय का प्रबंधन करके चलना उचित रहेगा। सप्ताह की शुरुआत में आपके सिर पर अचानक से कुछ बड़े खर्च आ सकते हैं। इस दौरान कार्य विशेष के लिए लंबी दूरी की यात्रा पर भी अचानक निकलना पड़ सकता है। यात्रा सुखद और नये संपर्कों को बढ़ाने वाली साबित होगी। व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए सप्ताह के उत्तरार्ध के मुकाबले पूर्वार्ध का समय ज्यादा अनुकूल रहने वाला है। ऐसे में आपको अपने कारोबार से जुड़े बड़े फैसले इसी दौरान करने चाहिए। सप्ताह के मध्य में आप कुछ चीजों को लेकर खुद को असमंजस की स्थिति में पा सकते हैं। ऐसे में इस दौरान कोई बड़ा फैसला लेते समय अपने शुभचिंतकों की सलाह अवश्य लें। नौकरीपेशा जातकों इस सप्ताह अपने कार्य दूसरों के भरोसे छोड़ने की बजाय स्वयं बेहतर तरीके से पूरे करने का प्रयास करना चाहिए अन्यथा पूर्व में की गई न सिर्फ आपकी मेहनत बेकार जा सकती है, बल्कि वरिष्ठ अधिकारियों की डांट भी सुननी पड़ सकती है।

कन्या

कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिलाजुला रहने वाला है। यदि आप चाहते हैं कि आपको जीवन में मनचाही सफलता और खुशियां मिले तो आपको अपने कार्य और व्यवहार में आमूलचूल बदलाव लाना होगा और अपने शुभचिंतकों को नाराज करने से बचना होगा। इस सप्ताह आपकी किसी बात या व्यवहार से आपके अपने नाराज हो सकते हैं। वाद–विवाद बढ़ने पर वर्षों से बने रिश्ते में दरार आ सकती है। करियर–कारोबार से लेकर घर–परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहे इसके लिए दूसरों से अपेक्षा करने करने की बजाय आपको खुद ही आगे बढ़कर प्रयास करना होगा।

यदि आप नौकरीपेशा व्यक्ति हैं तो अपने कार्यक्षेत्र में कनिष्ठ लोगों के साथ रुखा व्यवहार न करें और अपने वरिष्ठ लोगों के साथ अच्छा तालमेल बनाए रखें। यदि आप व्यवसायी हैं तो शार्टकट तरीके से लाभ कमाने से बचें और कागजी काम पूरे करके रखें। यदि आप पार्टनरशिप में व्यवसाय करते हैं तो धन का लेनदेन सावधानी के साथ करें।

तुला

तुला राशि के जातकों के लिए करियर और कारोबार की दृष्टि से यह सप्ताह उत्तम और रिश्ते–नाते की दृष्टि से मध्यम फलदायी रहने वाला है।

सप्ताह की शुरुआत में आपको करियर–कारोबार से जुड़ा कोई बहुप्रतीक्षित शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। इस सप्ताह तुला राशि का नौकरीपेशा जातक हो या फिर व्यवसाय से जुड़ा कारोबारी, वह अपना शत प्रतिशत अपने कार्य में देता हुआ नजर आएगा।

खास बात कि उसके प्रयासों को सौभाग्य का भी पूरा साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बनी रहेगी और सीनियर आपके कामकाज की खुले मन से प्रशंसा करते हुए नजर आएंगे। सप्ताह के अंत तक आपको बड़ा पद अथवा अहम जिम्मेदारी मिल सकती है। यदि आप लंबे समय से किसी नये कारोबार की शुरुआत करने अथवा किसी बड़ी डील को फाइनल करने के लिए प्रयासरत थे तो आपकी यह मनोकामना इस सप्ताह पूरी हो सकती है। यदि आप लंबे समय से रोजी–रोजगार के लिए प्रयासरत थे तो सप्ताह के उत्तरार्ध में आपकी यह मनोकामना पूरी हो सकती है।

वृश्चिक

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह गुडलक लिए है। इस सप्ताह आपको जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में शुभता–सफलता की प्राप्ति होगी। इस सप्ताह आपके सोचे हुए कार्य समय पर पूरे होंगे। करियर–कारोबार में मनचाही प्रगति होती नजर आएगी। कार्यक्षेत्र में आपको सीनियर और जूनियर दोनों का सहयोग और समर्थन मिलेगा। व्यवसाय में अच्छा मुनाफा कमाएंगे। यदि आपके कारोबार में बीते समय से कोई अड़चन आ रही थी इस सप्ताह वह किसी व्यक्ति विशेष की मदद से दूर हो जाएगी। मार्केट में आपकी साख बढ़ेगी। यदि आप साझेदारी में व्यवसाय करते हैं तो आप उसके विस्तार की योजना पर काम करेंगे। आपकी योजना को साकार रूप देने के लिए आपके शुभचिंतक और परिजन पूरी मदद करेंगे। इस संबंध में घर–परिवार के किसी वरिष्ठ सदस्य की सलाह लाभदायी साबित होगी। यह सप्ताह पठन–पाठन एवं शोध से जुड़े कार्यों को करने वालों के लिए अत्यधिक शुभ साबित होगा।

धनु

धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह जीवन के नये अवसरों को लेकर आने वाला है, लेकिन उसका लाभ उठाने के लिए आपको आलस्य और आशंका को त्याग कर कठिन परिश्रम और प्रयास करना होगा। इस सप्ताह यदि आप अपने धन, समय और उर्जा का सही दिशा में उपयोग करते हैं तो आपको आशा से अधिक सफलता और लाभ मिल सकता हैं। वहीं इसकी अनदेखी करने पर बनते काम बिगड़ जाने से मन में निराशा के भाव जाग सकते हैं। धनु राशि के जातकों को इस सप्ताह खुले हाथ धन खर्च करने से बचना चाहिए अन्यथा सप्ताह के अंत तक उन्हें उधार मांगने की नौबत आ सकती है। व्यवसाय की दृष्टि से यह सप्ताह आपके लिए मिश्रित फलदायी साबित होने वाला है। इस सप्ताह आपको कारोबार में लाभ तो होगा लेकिन साथ ही साथ खर्च की अधिकता भी बनी रहेगी। धनु राशि के जातकों को इस सप्ताह मौसमी बीमारी को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता रहेगी। अपनी दिनचर्या और खानपान सही रखें अन्यथा पेट संबंधी दिक्कतें हो सकती है। परीक्षा–प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे छात्रों को सप्ताह के मध्य में किसी सुखद समाचार की प्राप्ति संभव है।

मकर

मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह उतार–चढ़ाव लिए रहने वाला है। इस सप्ताह आप अपने करियर–कारोबार में आ रही अड़चनों को लेकर चिंतित रह सकते हैं। कार्यक्षेत्र और कारोबार के अलावा निजी जीवन से जुड़ी समस्याएं भी आपकी बड़ी चिंता का कारण बनेंगी। हालांकि जीवन के कठिन समय में आपके शुभचिंतक एवं परिजन काफी मददगार साबित होंगे और काफी हद तक आप इन समस्याओं का समाधान खोजने में भी कामयाब होंगे। सप्ताह के मध्य में किसी भी कार्य को करते समय विशेष सावधानी बरतें। इस दौरान जल्दबाजी या असमंजस की स्थिति में लिया गया निर्णय आपके लिए हानिकारक साबित हो सकता है। इस दौरान स्वजनों के साथ बात–व्यवहार करते समय विनम्रता से पेश आएं अन्यथा लंबे समय से बने हुए रिश्तों में दरार आ सकती है। इस सप्ताह खर्च की अधि. कता के चलते आपका बजट थोड़ा गड़बड़ा सकता है। सप्ताह के उत्तरार्ध में करियर–कारोबार के सिलसिले में लंबी दूरी की यात्रा पर निकलना पड़ सकता है।

कुंभ

जीवन में आने वाली छोटी–मोटी दिक्कतों को यदि नजरअंदाज कर दें तो कुंभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह शुभ साबित होगा। इस सप्ताह आपको आपकी मेहनत का पूरा फल प्राप्त होगा। करियर और कारोबार की दिशा में किए गये प्रयास सफल होंगे और आपके पद एवं प्रतिष्ठा में बढ़ोत्तरी होगी।

राजनीति से जुड़े लोगों के लिए यह सप्ताह गुडलक लिए हुए है। इस सप्ताह आपकी झोली में कोई बड़ा पद गिर सकता है। सत्तापक्ष से जुड़े लोगों के साथ आपका मेल–मिलाप बढ़ेगा। आपके मान–सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बनी रहेगी। आप अपनी सूझबूझ से अपने विरोधियों पर काबू पाने में कामयाब होंगे। कुंभ राशि के जो जातक तकनीक के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, उनके लिए यह सप्ताह अत्यंत ही शुभ साबित होगा। इसी प्रकार इलेक्ट्रानिक का कारोबार करने वालों को बड़े लाभ की प्राप्ति होगी। सप्ताह के उत्तरार्ध में किसी वरिष्ठ एवं अनुभवी व्यक्ति से कार्य विशेष के लिए मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

मीन

मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिलाजुला रहने वाला है। सप्ताह के पूर्वार्ध का समय जहां अनुकूल तो वहीं उत्तरार्ध थोड़ा प्रतिकूल रहने वाला है। ऐसे में मीन राशि के जातकों को जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों सप्ताह की शुरुआत में ही निबटाने का प्रयास करना चाहिए। यदि आप बेरोजगार हैं तो आपको इसी दौरान पूरे मनोयोग से रोजी–रोजगार के लिए प्रयास करना चाहिए। इस दौरान किसी व्यक्ति विशेष की मदद से भूमि–भवन से जुड़े विवाद का समाधान निकल सकता है। मीन राशि के जातकों को इस सप्ताह इस बात का पूरा ख्याल रखना होगा कि उनकी बात से ही बात बनेगी और बात से ही बात बिगड़ भी सकती है।

ऐसे में अपना काम निकलवाने के लिए लोगों की प्रशंसा करने में जरा भी कंजूसी न करें और सभी के साथ अच्छा तालमेल बनाए रखें। सप्ताह के पूर्वार्ध में आपके घर में कोई धार्मिक अथवा मांग. लिक कार्यक्रम संपन्न हो सकता है। इस दौरान घरेलू महिलाओं का अधिकांश समय पूजा–पाठ में बीतेगा।

साप्ताहिक
सबका जम्मू कश्मीर

महराजगंज में सीएम योगी ने किया 208 करोड़ की 79 परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

नौतनवा विधायक ऋषि त्रिपाठी का कद बढ़ा गए योगी || यूपी को देश के विकास का ग्रोथ इंजन बताया || डबल इंजन की सरकार ने विकास कार्यों पर दिया जोर- मुख्यमंत्री

सबका जम्मू कश्मीर

महराजगंज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के विकास का ग्रोथ इंजन बना है। विकास की प्रक्रिया बिना रुके, बिना डिगे, बिना थके व बिना झुके चलती रहेगी। 2017 के पहले प्रदेश का विकास रुका था। माफिया गरीबों की संपत्तियों पर कब्जा कर रहे थे।

सपा, बसपा व कांग्रेस के शासनकाल में अयोध्या में श्रीराम मंदिर व बनारस में काशी विश्वनाथ मंदिर का निर्माण नहीं हो पाता। यह पार्टियां कार्य में स्वयं बांधा बनी थी। इसी के चलते पश्चिम बंगाल की जनता ने भी इन्हें उखाड़ फेंका।

मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ शुक्रवार नौतनवां में 208 करोड़ रुपये से अधिक की 79 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के चलते डीजल, पेट्रोल व एलपीजी गैस की सप्लाई पर व्यापक असर पड़ा है। प्रतिदिन भारत सरकार को हजारों करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है।

उन्होंने कहा कि इस समय विपक्ष के नाकारात्मक नेरेटिव से बचना है। हमें प्रधानमंत्री के साथ खड़े रहना है। छोटे–छोटे प्रयास कर हम डीजल व पेट्रोल के दुरुपयोग को रोक सकते हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में तेजी से विकास हो रहा है। सड़कें बेहतर हुईं हैं। शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर कार्य हुए हैं।

महराजगंज सहित प्रदेश के सभी जिलों में मंदिरों का भी कायाकल्प कराया गया है। पहले यह रुपया कब्रिस्तान के बाउंड्रीवाल के निर्माण के लिए खर्च किया जाता था। पूर्ववर्ती सरकारों ने स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास पर ध्यान नहीं दिया। इंसेफलाइटिस से पूर्वी उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में नौनिहाल प्रभावित होते थे। अब डलब इंजन की सरकार में उत्तर प्रदेश बीमारू प्रदेश नहीं रह गया है। यहां के लोगों को पहचान का संकट नहीं है। देश में सबसे अधिक एक्सप्रेस–वे, मैट्रो, एयरपोर्ट यूपी में है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत व नेपाल दोनों मित्र देश के रूप में साझी विरासत का प्रतिनिधित्व करते हैं। दोनों के बीच रोटी–बेटी का संबंध है। दोनों देशों के बीच बिना किसी बांधा के आवागमन होता है। सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण इस क्षेत्र का विकास आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि नौतनवां विधानसभा में भाजपा गठबंधन के प्रत्याशी को पहली बार विजय मिली। उसी कर्ज को चुकाने के लिए जो भी प्रस्ताव यहां के विधायक व सांसद द्वारा दिया जाता है, उसे तत्काल स्वीकृत दी जाती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले की सरकारों ने वनटांगिया परिवारों की कभी सुधि नहीं ली, लेकिन भाजपा सरकार ने उन्हें भूमि का मालिकाना हक दिलाने के साथ ही सभी अधिकार प्रदान किए।

इससे पहले नौतनवां विधायक ऋषि त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री योगी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिले के प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया, फरेंदा के पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, जिलाधिकारी गौरव सिंह सोंगरवाल, पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी नौतनवां चेयरमैन बृजेश मणि त्रिपाठी, ब्लाक प्रमुख राकेश मद्धेशिया, वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक बाबा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

कुलदीप कुमार को भाजपा किसान मोर्चा का जिला सचिव बनने पर बधाइयों का तांता

सबका जम्मू कश्मीर

कठुआ (कोटपुन्नू)। भाजपा किसान मोर्चा में कुलद.ीप कुमार को जिला सचिव नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनकी नियुक्ति के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों तथा स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि कुलदीप कुमार लंबे समय से पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें किसान मोर्चा में जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपना उनके कार्यों और संगठन के प्रति समर्पण का सम्मान है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुलदीप कुमार किसानों की समस्याओं और क्षेत्र के मुद्दों को मजबूती के साथ उठाने का कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति से भाजपा किसान मोर्चा को जिला स्तर पर नई मजबूती मिलेगी तथा संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी आएगी।

इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि कुलदीप कुमार पार्टी की नीतियों को गांव–गांव तक पहुंचाने के साथ किसानों के हितों के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेंगे। समर्थकों ने खुशी जाहिर की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

Helpline

पुलिस स्टेशन

बाग-ए-बहू	2459777
बख्शी नगर	2580102
बस स्टैंड	2575151
शहर	2543688
गांधी नगर	2430528
गंग्याल	2482019
नौबाद	2571332
पक्का डांगा	2548610
रेलवे स्टेशन	2472870
सैनिक कॉलोनी	2462212
सतवारी	2430364
चन्नी हिम्मत	2465164
ट्रांसपोर्ट नगर	2475444
त्रिकुटा नगर	2475133
गांधी नगर	2459660
एसएसपी शहर	2561578
एसपी शहर उत्तर	2547038
एसपी दक्षिण	2433778

सार्वजनिक उपयोगिता सेवाएँ

इंडियन एयर लाइन्स	
शहर कार्यालय	2542735
एयर पोर्ट	2430449
जेट एयर वेज़	2453999
सिटी ऑफिस	2573399

रेलवे

रेलवे पूछताछ	131, 132, 2476407
बुकिंग	2470318
आरक्षण	2470315

पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग स्टेशन

बख्शी नगर	2543557
गांधी नगर	2430786
कंपनी बाग	2542582
नया प्लॉट	2573429
पंजतीर्थी	2547537

दूरसंचार विभाग

डायरेक्टरी पूछताछ	197
फॉल्ट रिपेयर	198
ट्रंक बुकिंग	180
बिलिंग शिकायत	2543896

जम्मू नगर पालिका

जं. लाइन्स	2578503
प्रशासन अधिकारी	2542192
स्वास्थ्य अधिकारी	2547440

डाक सेवाएँ

मुख्य डाकघर शहर	2543606
गाँधी नगर	2435863

अग्निशमन सेवाएँ

नियंत्रण कक्ष	101,132, 2476407
शहर	2544263
गाँधी नगर	2457705
नहर	2554064
गंग्याल	2480026

रसोई गैस डीलर

चिनाब गैस	2547633
गुलमौर गैस	2430835
जैकफेड	2548297
एचपी गैस	2578456
शिवांगी गैस	2577020
तवी गैस	2548455

पावर हाउस

गाँधी नगर	2430180
नहर रोड	2554147
जानीपुर	2533828
नानक नगर	2430776
परेड	2542289

सतवारी कैंट	2452813

अस्पताल

जीएमसी अस्पताल	2584290
एस.एम.जी.एस. अस्पताल	2547635
सी.डी. अस्पताल	2577064
डैंटल अस्पताल	2544670
गांधी नगर अस्पताल	2430041
सरवाल अस्पताल	2579402
जी.बी. पंत कैंट अस्पताल	2433500
आयुर्वेदिक कॉलेज	2543661
सी.आर.पी. अस्पताल	2591105
आचार्य श्री चंदर	2662536
मानसिक अस्पताल	2577444
स्वामी विवेकानंद	2547418
ब्लड बैंक	2547637
एम्बुलेंस	2584225, 2575364
एम्बुलेंस (रेड क्रॉस)	2543739

नर्सिंग होम

मदन अस्पताल	2456727
मेडिकेयर	2435070
त्रिवेणी नर्सिंग होम	2452664
सुविधा नर्सिंग होम	2555965
अल. फिरदौस नर्सिंग होम	2545050
आस्था नर्सिंग होम	2576707
बी एन चैरिटेबल ट्रस्ट	2505310
चोपड़ा नर्सिंग होम	2573580
हरबंस सिंह मेम हॉस्पिटल	2541952
जीवन ज्योति	2576985
युद्धवीर नर्सिंग होम	2547821
मीडियाएड नर्सिंग होम	2466744
सीता नर्सिंग होम	2435007
विभूति नर्सिंग होम	2547969
रामेश्वर नर्सिंग होम	2580601
बी एन चेरिटेबल	2555631
महर्षि दयानंद	2545225

मुस्कान चौरिटेबल ट्रस्ट ने डीआईजी उधमपुर से की मुलाकात, नशा मुक्त अभियान में पुलिस की भूमिका की सराहना

रोहित शर्मा

कटरा, शुक्रवाररू मुस्कान चौरिटेबल ट्रस्ट के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को डीआईजी उधमपुर शिव कुमार शर्मा से शिष्टाचार मुलाकात की।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा समाज विरोधी गति. विधियों पर अंकुश लगाने हेतु जम्मू–कश्मीर पुलिस की कार्यशैली की सराहना की।

मुस्कान चौरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष संदीप मेहरा ने कहा कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा चलाए जा रहे "नशा मुक्त जम्मू–कश्मीर अभियान" के तहत नशा तस्करों के विरुद्ध पुलिस द्वारा की जा रही सख्त कार्रवाई प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि पुलिस की प्रभावी कार्यवाही युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

उन्होंने आगे कहा कि मुस्कान एनजीओ के सदस्य सदैव जम्मू–कश्मीर पुलिस के साथ खड़े हैं और धर्म नगरी कटरा को नशा मुक्त बनाने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर एनजीओ के सदस्य मनोहर वज़ीर एवं तेजपाल बक्शी ने भी डीआईजी उधमपुर से मुलाकात कर सामाजिक सरोकारों एवं नशा उन्मूलन अभियान पर अपने विचार साझा।

बॉबिया पहुंचे कमिश्नर सचिव, सीमावर्ती गांवों के विकास कार्यों की समीक्षा

वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम–।। के तहत योजनाओं के शत–प्रतिशत लाभ पहुंचाने पर जोर

सबका जम्मू कश्मीर

कठुआ : योजना, विकास एवं मॉनिटरिंग विभाग की कमिश्नर सचिव आर. एलिस वाज़ ने शुक्रवार को सीमावर्ती गांव बॉबिया का दौरा कर वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम–।। के तहत चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जनसुनवाई शिविर लगाकर स्थानीय लोगों की समस्याएं और विकास संबंधी जरूरतों को सुना।

उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम का उद्देश्य सीमावर्ती गांवों का समग्र विकास करना है। इसके तहत सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और डिजिटल सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा।

कमिश्नर सचिव ने कहा कि केंद्र और जम्मू–कश्मीर सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने लोगों से विकास कार्यों में प्रशासन का सहयोग करने की अपील भी की। बैठक में अधिकारियों ने बॉबिया और गजनाल गांवों के प्रस्तावित विकास कार्यों की जानक. ारी दी। वहीं विभिन्न विभागों द्वारा चल रही योजनाओं की भी समीक्षा की गई। डिप्टी कमिश्नर कठुआ राजेश शर्मा ने बताया कि जिले के छह सीमावर्ती गांवों को वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम–।। में शामिल किया गया है। इन गांवों के विकास के लिए स्थानीय लोगों से सुझाव लेकर योजनाएं तैयार की गई हैं।

इस मौके पर हीरानगर के एसडीएम फुलैल सिंह ने सीमावर्ती गांवों की स्थिति और उनके महत्व के बारे में जानकारी।

कठुआ कैंपस में एआई पर विशेष व्याख्यान आयोजित

"ह्यूमन-एआई कम्युनिकेशन का फ्यूचर" विषय पर छात्रों को दी नई तकनीक की जानकारी

सबका जम्मू कश्मीर

कठुआ, कठुआ कैंपस, जम्मू यूनिवर्सिटी में "ह्यूमन–एआई कम्युनिकेशन का फ्यूचर" विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ. शुभनंदन सिंह जमवाल ने छात्रों और शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और उसके बढ़ते उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आज एआई की मदद से टेक्स्ट, फोटो, वीडियो, म्यूजिक और कंप्यूटर कोड तैयार किए जा रहे हैं।

उन्होंने चौट जीपीटी, जेमिनी और गिटहब कोपायलट जैसे आधुनिक एआई टूल्स के बारे में भी जानकारी साझा की।

इसके अलावा चौटबॉट, लैंग्वेज ट्रांसलेशन, स्पीच रिकग्निशन और डीपफेक डिटेक्शन जैसे एआई के उपयोगों पर भी चर्चा की गई।

डॉ. जमवाल ने एआई से जुड़े खतरों और एथिकल चुनौतियों जैसे गलत जानकारी फैलना, प्राइवेसी वायलेशन, कॉपीराइट और बायस जैसी समस्याओं के प्रति भी जागरूक किया।

कार्यक्रम में कठुआ कैंपस के रेक्टर प्रो. अरविंद जसरोतिया ने कहा कि एआई शिक्षा, रिसर्च और कम्युनिकेशन के क्षेत्र में तेजी से बदलाव ला रहा है।

उन्होंने छात्रों से नई तकनीकों का जिम्मेदारी और सही तरीके से उपयोग करने की अपील की।

इस अवसर पर डॉ. सौरभ शास्त्री ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सनी शर्मा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रणव रत्ता ने प्रस्तुत किया।

वेद मार्ग पर चलकर ही मनुष्य पा सकता है सुख-शांति : स्वामी राम स्वरूप



सबका जम्मू कश्मीर

हिमाचल, वेद मन्दिर में चल रहे 78 दिवसीय चारों वेदों के यज्ञानुष्ठान के 33वें दिन स्वामी राम स्वरूप जी, योगाचार्य ने श्रद्धालुओं को वेदों का ज्ञान देते हुए कहा कि केवल प्रार्थना करने से ही भगवान प्रसन्न नहीं होते, बल्कि मनुष्य को शुभ कर्म भी करने चाहिए।

स्वामी जी ने ऋग्वेद मंत्र "भद्रम् नो अपि वातय मनः" का अर्थ समझाते हुए कहा कि मन को कल्याण के मार्ग पर चलाना ही सच्ची उपासना है। उन्होंने बताया कि वेदों में मन को नियंत्रित करने, क्रोध छोड़ने, कटु वचन न बोलने और शुभ कर्म करने का उपदेश दिया गया है।

उन्होंने अथर्ववेद के मंत्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि मनुष्य को वेद मंत्रों का चिंतन करना चाहिए तथा अग्निहोत्र और यज्ञ के माध्यम से परमात्मा की उपासना करनी चाहिए। इससे मन बुरे विच. ारों से दूर होकर धर्म और सदाच. ार की ओर बढ़ता है।

स्वामी राम स्वरूप जी ने कहा कि सुख–शांति, धन–समृद्धि, सुखी गृहस्थ जीवन और मोक्ष प्राप्त करने के लिए यजुर्वेद अध्याय 34 के मंत्रों का अर्थ सहित अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने लोगों को नित्य अग्निहोत्र, यज्ञ और योगाभ्यास करने की प्रेरणा दी।

उन्होंने कहा कि वेद विद्या विद्वान आचार्यों से सीखकर जीवन में अपनाने से मनुष्य अधर्म से दूर रहता है और धर्म के मार्ग पर चलता है। अंत में उन्होंने लोकवाणी की कहावत "मन जीते जग जीत" का उल्लेख करते हुए कहा कि जिसने अपने मन और इंद्रियों को वश में कर लिया, वही सच्चे सुख और शांति को प्राप्त करता है।

गद्दी मीरा गोसपाक ग्यारहवीं वाली सरकार मकडोली में 16 मई को विशाल भंडारा

सूफी महफिल, कव्वालियां और अटूट लंगर का होगा आयोजन

राम सिंह

पंजाब। मकडोली में स्थित गद्दी मीरा गोसपाक ग्यारहवीं वाली सरकार दरबार में 16 मई 2026, शनिवार को शनि देव जयंती के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष धार्मिक कार्यक्रम रखे गए हैं।

दरबार के मुख्य सेवादार गुलाम साई बिट्टू शाह ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के दौरान सुबह 10 बजे झंडे की रस्म अदा की जाएगी। इसके बाद सुबह 11 बजे सूफी महफिल और कव्वालियों का आयोजन होगा, जबकि दोपहर 12 बजे से अटूट लंगर बरताया जाएगा।

इस मौके पर इंटरनेशनल गायक कांशी नाथ, सूफी गायक आर. फिरोज और डॉ. राम स्वरूप अपनी हाजरी लगाएंगे। दरबार प्रबंधन की ओर से संगत और श्रद्धालुओं को मेले एवं भंडारे में पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त करने का निमंत्रण दिया गया है।

साप्ताहिक
सबका जम्मू कश्मीर

बिलावर में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

430 ग्राम हेरोइन बरामद, अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क से जुड़े होने के संकेत

सबका जम्मू कश्मीर

कठुआ जिले के बिलावर क्षेत्र में पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 430 ग्राम हेरोइन बरामद की है। इस मामले में एक स्थानीय बड़े तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। शुरुआती जांच में आरोपी के अंत. रराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क से जुड़े होने के संकेत भी मिले हैं।

पुलिस के अनुसार 14 मई 2026 को विश्वसनीय सूचना मिलने पर बिलावर थाना पुलिस ने भिन्नी पुल के पास विशेष नाका लगाया। नाके के दौरान एक संदिग्ध युवक को रोककर उसकी तलाशी ली गई। युवक की पहचान मुनीष कुमार पुत्र काला राम निवासी चक दराब खान, कठुआ के रूप में हुई।

तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से करीब 15.23 ग्राम चिट्टा और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसके घर में भी भारी मात्रा में नशीला पदार्थ छिपाकर रखा गया है। इसके बाद पुलिस ने अदालत से सर्च वारंट हासिल कर आरोपी के घर पर छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान घर की एक बंद अलमारी से करीब 415 ग्राम हेरोइन जैसा पदार्थ बरामद किया गया। इस तरह पुलिस ने कुल मिलाकर लगभग 430 ग्राम नशीला पदार्थ जब्त किया।

पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच जारी है और पूरे ड्रग नेटवर्क की कड़ियां खंगाली जा रही हैं।

कठुआ पुलिस ने कहा कि जिले में नशे के कारोबार को किसी भी कीमत पर पनपने नहीं दिया जाएगा।

कठुआ में फॉरेस्ट विभाग की बड़ी कार्रवाई

अवैध जलाऊ लकड़ी से भरा ट्रक जब्त, तस्करों पर शिकंजा तेज

सबका जम्मू कश्मीर

कठुआ : कठुआ फॉरेस्ट डिवीजन ने अवैध लकड़ी तस्करी के खिलाफ अभियान तेज करते हुए एक और बड़ी कार्रवाई की है। फॉरेस्ट विभाग की टीम ने पंजाब की ओर जा रहे अवैध जलाऊ लकड़ी से भरे ट्रक को पकड़कर जब्त कर लिया। जानकारी के अनुसार, रेंज ऑफिसर एपीसीपी लखनपुर संजीव सिंह की विजिल टीम ने डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर अंकित सिन्हा के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए ट्रक नंबर श्रज्ञ02ब्ळ–8757 को पकड़ा। ट्रक में अवैध रूप से जलाऊ लकड़ी ले जाई जा रही थी।

फॉरेस्ट विभाग ने बताया कि जम्मू–कश्मीर से बाहर अवैध लकड़ी और अन्य वन उत्पादों की तस्करी रोकने के लिए दिन–रात निगरानी रखी जा रही है। विभाग की टीमें लगातार नाका चेकिंग और गश्त कर रही हैं।

विभाग ने बताया कि 13 मई को भी एक कार्रवाई के दौरान तस्करों ने फॉरेस्ट अधिकारियों की गाड़ी को टक्कर मारने की कोशिश की थी, जिसमें एक फॉरेस्ट गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कर्मचारी का इलाज गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज कठुआ में चल रहा है। पिछले कुछ दिनों में फॉरेस्ट विभाग ने कई बड़ी कार्रवाइयां की हैं।10 मई को पांच ट्रक जब्त किए गए व 8 मई को दो ट्रक पकड़े गए। 7 मई और 13 मई को भी एक–एक वाहन पकड़ा गया। फॉरेस्ट विभाग ने कहा कि अवैध कटाई और तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

बैंक कर्मचारियों के लिए फाइव डे वर्क वीक की मांग तेज

एआईबीओसी ने प्रधानमंत्री से जल्द फैसला लेने की अपील की

सबका जम्मू कश्मीर

नई दिल्ली : देशभर के बैंक अधिकारियों के सबसे बड़े संगठन ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फेडरेशन (एआईबीओसी) ने बैंकिंग क्षेत्र में फाइव डे वर्क वीक लागू करने की मांग उठाई है। संगठन ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर इस संबंध में जल्द हस्तक्षेप करने की अपील की है। एआईबीओसी ने कहा कि आज बैंकिंग सेवाएं पूरी तरह डिजिटल हो चुकी हैं। यूपीआई, मोबा. इल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम और अन्य ऑनलाइन सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध रहती हैं। ऐसे में सप्ताह में एक अतिरिक्त दिन बैंक शाखाएं बंद रहने से ग्राहकों को ज्यादा परेशानी नहीं होगी।

संगठन के अनुसार फाइव डे वर्क वीक लागू होने से ईंधन की बचत, ट्रैफिक में कमी और बिजली की खपत कम होगी। इससे पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। एआईबीओसी ने यह भी बताया कि केंद्र सरकार के कार्यालय, आरबीआई, एलआईसी और कई अन्य संस्थानों में पहले से ही पांच दिन का कार्य सप्ताह लागू है, जबकि बैंकिंग क्षेत्र अभी भी छह दिन की व्यवस्था पर काम कर रहा है। संगठन ने कहा कि इस मुद्दे पर वेतन समझौते के दौरान सिद्धांत रूप में सहमति बन चुकी है। अब केवल सरकार की अंतिम मंजूरी और अधिसूचना जारी होना बाकी है।

एआईबीओसी ने उम्मीद जताई कि सरकार जल्द फैसला लेकर बैंक कर्मचारियों को फाइव डे वर्क वीक की सुविधा देगी।

मानसून से निपटने को प्रशासन तैयार

कठुआ में एडीडीसी ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

सबका जम्मू कश्मीर

कठुआ : आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए कठुआ प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त (एडीडीसी) सुरिंदर मोहन शर्मा ने अधिकारियों के साथ बैठक कर मानसून के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में एडीसी विश्वजीत सिंह, डीटीओ जीवतेज सिंह, पीडब्ल्यूडी, पीडीडी, हेल्थ, एसडीआरएफ और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। एडीडीसी ने सभी विभागों को 24 घंटे कंट्रोल रूम बनाने और जरूरी सेवाओं के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारी बारिश, बाढ़ और जलभराव जैसी स्थितियों से निपटने के लिए सभी विभाग पूरी तरह तैयार रहें।

नगर समितियों को नालियों और नालों की सफाई तेज करने को कहा गया ताकि शहरों में पानी जमा न हो। साथ ही बाढ़ संभावित इलाकों की पहचान करने के निर्देश भी दिए गए।

एसडीआरएफ को बचाव उपकरण और कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने तथा मॉक ड्रिल आयोजित करने को कहा गया। रेवेन्यू विभाग को निचले इलाकों के लिए निकासी योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

बसोहली और बिलावर क्षेत्रों में पानी की कमी को देखते हुए जरूरत पड़ने पर पानी के टैंकर भेजने के निर्देश भी जारी किए गए। हेल्थ विभाग को दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक रखने और मेडिकल टीमों को तैयार रखने को कहा गया।

एडीडीसी ने सभी विभागों को आपसी तालमेल बनाए रखते हुए मानसून सीजन के दौरान सतर्क रहने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

हीरानगर में कांग्रेस का प्रदर्शन

राज्य का दर्जा बहाल करने और नए राशन कार्ड बनाने की उठाई मांग

सबका जम्मू कश्मीर

हीरानगर : इंडियन नैशनल कांग्रेस की ब्लॉक इकाई हीरानगर द्वारा केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री व्उंत इकनससी के नाम एक लिखित ज्ञापन भी भेजा।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने "हमारी स्टेट, हमारा हक" का नारा लगाते हुए जम्मू–कश्मीर को दोबारा राज्य का दर्जा देने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि पिछले 14–15 वर्षों से नए राशन कार्ड नहीं बनाए गए हैं, जिससे लोगों को सरकारी योजनाओं और जरूरी दस्तावेज बनवाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि नए राशन कार्ड जल्द से जल्द जारी किए जाएं। इसके अलावा बैठक में बिजली चोरी, पेपर लीक, गैस और तेल की सप्लाई बहाल करने सहित कई जनसमस्याओं पर भी चर्चा की गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाना चाहिए ताकि जनता को राहत मिली।

बमियाल के गांव समराला से लापता महिला की तलाश, सूचना देने वाले को 50 हजार रूपये इनाम

गुमशुदा की तलाश

राज कुमारी

पत्नी **सतीश कुमार उर्फ सोनू**

गांव सरमाला/जन्याल
पोस्ट ऑफिस जन्याल
ब्लॉक बमियाल
जिला व तहसील पठानकोट

₹ 50,000 का नगद इनाम दिया जाएगा

पता देने वाले को

संपर्क मोबाईल नंबर
9622258668, 9186171300
8968336267

कृपया सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
आपकी छोटी सी मदद किसी के परिवार को मिल सकती है।

सबका जम्मू कश्मीर

पठानकोट/पंजाब : पठानकोट जिले की तहसील बमियाल के गांव समराला/जन्याल निवासी राज कुमारी पत्नी सतीश कुमार उर्फ सोनू बीती 21 तारीख से लापता हैं।

बताया जा रहा है कि राजकुमारी अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने गई थीं, लेकिन इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटीं। देर शाम तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने स्थानीय थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई।

परिजनों के अनुसार राजकुमारी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती है और वह पहले भी एक बार घर से चली गई थीं, हालांकि उस समय उन्हें ढूंढ लिया गया था। इस बार परिवार ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में लगातार तलाश की, लेकिन अभी तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

राजकुमारी के पिता ने मीडिया से बातचीत करते हुए लोगों से अपील की कि यदि किसी को राजकुमारी के बारे में कोई जानकारी मिले तो दिए गए मोबाइल नंबरों पर संपर्क करें।

उन्होंने बताया कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूरी तरह गोप. नीय रखा जाएगा।

परिवार की ओर से राजकुमारी का पता बताने वाले को 50 हजार रुपये नकद इनाम देने की घोषणा भी की गई है।

राज कुमारी का पता :

गांव सरमाला/जन्याल, पोस्ट ऑफिस जन्याल, ब्लॉक बमियाल, जिला व तहसील पठानकोट। संपर्क नंबर : 9622258668, 9186171300, 8968336267.

कठुआ में फॉरेस्ट विभाग की बड़ी कार्रवाई

अवैध जलाऊ लकड़ी से भरा ट्रक जब्त, तस्करों पर शिकंजा तेज

सबका जम्मू कश्मीर

कठुआ : जिले में बढ़ते नशे (चिट्टा) और प्रदूषण की समस्या को लेकर "एंटी पॉल्यूशन मूवमेंट, कठुआ" ने चिंता जताई है। संगठन ने कहा कि नशे की लत लगातार युवाआ. की जिंदगी बर्बाद कर रही है, जबकि बढ़ता प्रदूषण मानव जीवन, खेती और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है।

संगठन के अनुसार "एंटी पॉल्यूशन मूवमेंट" वर्ष 2006 से प्रदूषण के खिलाफ संघर्ष कर रहा है। वर्ष 2007 में यह मामला प्रदूषण समिति में भी उठाया गया था, जिसके बाद कुछ राहत मिली थी।

संगठन ने बताया कि 7 मई 2026 को हटली मोड़, कठुआ में एक दिवसीय धरना देकर जिला प्रशासन के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया था।

इसी मुद्दे पर आगे की रणनीति तय करने के लिए 19 मई 2026 को शाम 5 बजे शास्त्री नगर, कठुआ स्थित श्री अशफाक अहमद चौहान के निवास पर एक जरूरी बैठक बुलाई गई है।

संगठन ने समाज के जागरूक नागरिकों से बैठक में शामिल होकर सहयोग देने की अपील की है। इस अवसर पर आई. डी. खजूरिया ने कहा कि समाज और युवाओं को बचाने के लिए सभी लोगों को मिलकर आगे आना होगा।

भीम आर्मी ने बच्चों को भेंट किए वॉलीबॉल, खेलों के प्रति किया प्रेरित

सबका जम्मू कश्मीर

कठुआ : भीम आर्मी भारत एकता मिशन जम्मू–कश्मीर के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार लोनी गुरुवार को अपने साथियों के साथ पंचायत हमीरपुर के गांव पलाई पहुंचे। इस दौरान उनके साथ तहसील अध्यक्ष मढ़ीन करण कुमार और जिला कठुआ प्रभारी लखी कुमार भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान गांव में खेल रहे बच्चों को वॉलीबॉल भेंट किए गए और बच्चों को खेलों के प्रति जागरूक व प्रेरित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार लोनी ने कहा कि बच्चों और युवाओं को शिक्षा, खेल और जागरूकता की दिशा में आगे बढ़ाना समाज के विकास के लिए बेहद जरूरी है।

वॉलीबॉल मिलने पर बच्चों ने खुशी जताई और इस सहयोग के लिए पवन कुमार लोनी तथा भीम आर्मी टीम का धन्यवाद किया।

उन्होंने कहा कि भीम आर्मी हमेशा समाज के बच्चों और युवाओं को शिक्षा, खेल और जागरूकता के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का कार्य करती रहेगी। इस मौके पर "जय भीम, जय भारत, जय संविधान" के नारों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

नाम का सुमिरन ही सभी रोगों की दवा: सद्गुरू श्री मधुपरमहंस जी महाराज

अखनूर में प्रवचन के दौरान कहा– मन और इंद्रियों पर नियंत्रण से मिलता है सच्चा सुख

सबका जम्मू कश्मीर

अखनूर, जम्मू : साहिब बंदगी के सद्गुरु श्री मधुपरमहंस जी महाराज ने अखनूर में आयोजित सत्संग में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी रोगों की सबसे बड़ी दवा नाम का सुमिरन है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को सबसे अधिक दुख इंद्रियों और मन के कारण मिलता है। शरीर में काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे विकार ही दुख और रोगों का कारण बनते हैं।

उन्होंने कहा कि संतों ने हमेशा नाम की शरण में जाने का संदेश दिया है। यदि जीवन में सच्चा सुख चाहिए तो मनुष्य को परमात्मा के नाम का सुमिरन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपनी इंद्रियों को नियंत्रित कर लेता है, वही सच्चा साधु कहलाता है।

सद्गुरु महाराज ने कहा कि आज के समय में पारिवारिक समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। पहले भारत में संयुक्त परिवार की मजबूत व्यवस्था थी, जिसे ऋषि–मुनियों ने बनाया था, लेकिन अब परिवारों में अलगाव बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि धन–दौलत होने के बावजूद यदि घर में शांति नहीं है तो जीवन दुखमय बन जाता है।

उन्होंने कहा कि मन हमेशा आत्मा को भटकाने का काम करता है। जब भी व्यक्ति ध्यान लगाने बैठता है तो मन उसे इधर–उधर भटकाने लगता है। इसलिए ध्यान को एकाग्र करना बहुत जरूरी है। सभी धर्म और मत यही कहते हैं कि आत्मा और परमात्मा का मिलन एकाग्र ध्यान से ही संभव है।

उन्होंने बताया कि मन एक समुद्र की तरह है, जिसमें इच्छाओं की लहरें लगातार उठती रहती हैं। जब तक मनुष्य अपने ध्यान को एकाग्र नहीं करेगा, तब तक उसे आत्मिक सुख और भीतर का अनुभव नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि संसार के सुख कुछ समय बाद दुख में बदल जाते हैं, जबकि आत्मा का सुख हमेशा स्थायी और आनंदमयी होता है।

NOTICE

This is to inform the general public that Mr. Asha Ram alias Ashya Kumar, S/o Sh. Darbari Lal, R/o Goond, Tehsil Nagri Parole, District Kathua, is one and the same person. In all official and personal documents, including Aadhaar Card, the name is recorded as Asha Ram. The applicant has requested that the same name be reflected uniformly in all concerned records and license documents to avoid any confusion in future. If any person has any objection regarding the above-mentioned name clarification/correction, he/she may contact the undersigned within 7 days from the publication of this notice.

Deponent
Asha Ram alias Ashya Kumar
R/o Goond, Tehsil Nagri Parole
District Kathua
Date: 06-03-2026

NOTICE

This is to inform the general public that I, Daljit Singh S/o Tripat Singh, R/o Village Mirpur Jagoo, Tehsil Nagri Parole, District Kathua, am the same person whose name has been mistakenly recorded as "Daljeet Singh" in the Registration Certificate (R.C.) of vehicle bearing No. JK08E-2028. My correct name, as mentioned in my Aadhaar Card and other official documents, is "Daljit Singh". The difference in the name is only due to a spelling mistake and both names refer to one and the same person. Any person having any objection regarding this correction may contact the undersigned within 7 days from the date of publication of this notice, failing which no objection shall be entertained thereafter.

Name: Daljit Singh S/o Tripat Singh
Address: Village Mirpur Jagoo, Tehsil Nagri Parole, District Kathua

Date: _____
Signature: _____

साप्ताहिक
सबका जम्मू कश्मीर

कठुआ पहुंचे मंडलायुक्त रमेश कुमार, एक्सप्रेस-वे और अमरनाथ यात्रा तैयारियों की समीक्षा

सबका जम्मू कश्मीर

कठुआ। रमेश कुमार ने गुरुवार को कठुआ जिले का दौरा कर कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों और प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने नशा मुक्त जम्मू–कश्मीर अभियान, श्री अमरनाथ जी यात्रा (संजय)–2026 की तैयारियों और आधारभूत ढांचे से जुड़े प्रोजेक्ट्स का जायजा लिया। मंडलायुक्त ने दिल्ली–अमृतसर– कटड़ा एक्सप्रेस–वे के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और अलग–अलग हिस्सों में चल रहे काम की प्रगति देखी। उन्होंने अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों के साथ बैठक कर परियोजना को तय समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही गुणवत्ता बनाए रखने पर भी जोर दिया।

इसके अलावा उन्होंने लखनपुर कॉरिडोर का दौरा कर सौंदर्यीकरण, ट्रैफिक मैनेजमेंट और यात्रियों के लिए सुविधाओं के सुधार कार्यों की समीक्षा की। यह कार्य आगामी अमरनाथ यात्रा को ध्यान में रखकर किए जा रहे हैं।

मंडलायुक्त ने जिले में राजस्व रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण और पश्चिम पाकिस्तान शरणार्थियों (डब्ल्यूपीआर) तथा 1947, 1965 और 1971 के विस्थापित परिवारों के स्वामित्व मामलों की प्रगति भी जांची। उन्होंने लंबित मामलों को जल्द निपटाने और डाटा एंट्री में किसी भी प्रकार की गलती न होने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशकः राज कुमार द्वारा एम/एस डी. आर प्रिंटिंग प्रेस, बैन बजाल्ता, तहसील जम्मू से मुद्रित एवं नगरी पैरोल नगरी, जिला कठुआ, जम्मू और कश्मीर पिन.कोड नंः 184151 । संपादकः राज कुमार